कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

शैक्षिक सत्र को पटरी पर लाने में कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा की गई अहम पहल

स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर की परीक्षा में आनुपातिक शिक्षण अवधि के दृष्टिगत प्रश्नपत्र में कुल प्रश्नों को हल करने की संख्या को आनुपातिक रूप से घटाते हुए अधिक विकल्प प्रदान किये जा रहे है।

उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त दिशानिर्देशों के क्रम में कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत द्वारा शैक्षिक सत्र को नियमित करने हेतु विशेष प्रयास किया जा रहा है एवं उनके आदेशों के अनुपालन में इस सन्दर्भ में परीक्षा अनुभाग द्वारा दिनांक 29–01–2024 को संकायाध्यक्षों एवं पाठ्यक्रम समन्वयकों की एक आनलाईन बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लिया कि अधिकतम विषयों में 70 से 80 प्रतिशत पाठ्यक्रम पूर्ण हो पाया है अतः माह नवम्बर से प्रारम्भ शिक्षणकाल के आनुपातिक क्रम में प्रश्नपत्र में अधिक विकल्प देते हुए दिनांक 6 फरवरी 2024 से परीक्षा प्रारम्भ करवा ली जाय। इसी के साथ व्यापक छात्र हित को देखते हुए प्रश्नपत्रों में विकल्पों की संख्या में वृद्धि की गई है। खण्ड ए में जहा पूर्व में 8 में से 5 प्रश्नों को हल करने का विकल्प था वही इस बार खंड ए में 8 में से 4 विकल्प दिया गया है। इसी प्रकार खण्ड बी में जहाँ पूर्व में 5 में से 3 प्रश्नों को हल करने का विकल्प था वही इस बार खण्ड बी में 5 में से 2 प्रश्नों को हल करने का विकल्प प्रदान किया गया है।

विश्वविद्यालय फरवरी माह में स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर की परीक्षा करवाने के लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई है ताकि आगामी शैक्षिक सत्र नियमित किया जा सके।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः केयू/गोपनीय/2024/2393 दिनांकः 30–01–2024

प्रतिलिपि–

1– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 31–01–2024 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

अमर उजाला, नैनीताल।
हिन्दुस्तान, नैनीताल।
दैनिक आज, नैनीताल।
शाह टाइम्स, नैनीताल।
न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
दैनिक जागरण, नैनीताल।
उत्तर उजाला, नैनीताल।
उत्तरांचल दीप।
राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

2– **समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर सन्दर्भित विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जाने व उक्त सूचना हेतु नोटिस बोर्ड व अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार व प्रसार कराने का कष्ट करें।**

3– कुलसचिव कु0वि0वि0 नैनीताल।

4– सहा0 कुलसचिव (गोपनीय) कु0वि0वि0 नैनीताल।

5– सम्बद्ध ऐजेन्सी कु0वि0वि0 नैनीताल।

6– ई0आर0पी प्रभारी, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।

7– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक